Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to complete the pending work Sitamarhi-Parsauni LC-56 Z one in Bihar Sheohar Parliamentary Constituency, Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): महोदय, मैं सदन का ध्यान पूर्व मध्य रेलवे जोन अंतर्गत सीतामढ़ी- परसौनी के बीच एलसी-56 के ऊपर निर्माणाधीन आरओबी की ओर आकृष्ट करना चाहती हूँ। ज्ञात हो कि उक्त आरओबी का निर्माण कार्य विगत 13 वर्षों से लंबित होने के कारण यहाँ प्राय: जाम की समस्या रहती है तथा लोगों को काफी ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

वर्तमान परिस्थिति के अनुसार परियोजना में एलसी-56 के बदले आरओबी निर्माण का काम प्रस्तावित है, जिसमें रेलवे भाग का निर्माण रेलवे द्वारा तथा पहुंच पथ भाग का निर्माण बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा किया जाना है। पथ निर्माण विभाग बिहार के साथ कॉस्ट शेयरिंग पर कुल 85 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत से इस परियोजना को पूरा करने के लिए महाप्रबंधक, पूर्वी मध्य रेलवे द्वारा एक संयुक्त विस्तृत प्राक्कलन तैयार करके स्वीकृति हेतु रेलवे बोर्ड को भेजा गया है।

अत: मेरा आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह होगा कि उपरोक्त विषय को अपने संज्ञान में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए, जिससे कि वर्षों से लंबित इस महत्वपूर्ण परियोजना का निर्माण सम्भव हो सके। बहुत-बहुत धन्यवाद।